# स्वच्छता सर्वेक्षण को गंभीरता से लें : डीसी

## उपायुक्त मनीष कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों संग की समीक्षा

जासं,पाकुड़ : उपायुक्त मनीष कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण 2025, धरती आबा जनभागीदारी अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। इस बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को स्वच्छता सर्वेक्षण को गंभीरता से लेने और निर्धारित मानदंडों के अनुसार काम करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में कुल 1000 अंकों का मूल्यांकन होगा, जिसमें सिटीजन फीडबैक के 100 अंक, सर्विस लेवल प्रगति के 240 अंक, प्रत्यक्ष अवलोकन के 540 अंक और स्वच्छता संरचनाओं की क्रियाशीलता के 120 अंक निर्धारित किए गए हैं। नागरिक सहभागिता के लिए एसएसजी मोबाइल एप का अधिकतम प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके माध्यम से ग्रामीणजन अपनी राय एवं अनुभव साझा कर सकते हैं। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों, कर्मियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को कहा कि एसबीएमएसएसजी2025 एप इनस्टाल कराकर अपना और सभी का फीडबैक देना सुनिश्चित करायें। साथ ही फीडबैक का स्क्रीनशाट जरूर शेयर करेंगे।



बच्चें नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते • जागरण

## स्वच्छता एक दिन का त्योहार नहीं, यह दैनिक जीवन का अंग

संस,जागरण पाकुड़ : स्थानीय दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में भारत सरकार के पेयजल और स्वच्छता विभाग जल शक्ति मंत्रालय द्वारा प्रायोजित राष्ट्रव्यापी ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस विशेष सभा में विद्यालय के निदेशक अरुणेंद्र कुमार ने अपने संदेश में कहा कि स्वच्छता कोई एक दिन मनाए जाने वाला त्योहार नहीं, बल्कि यह दैनिक जीवन का अंग है। उन्होंने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर पाटिल के वक्तव्य को दोहराते हुए कहा कि स्वच्छता एक बार का लक्ष्य नहीं बल्कि एक सतत यात्रा है। इस कार्यक्रम में बच्चों की भागीदारी इसे घर-घर में पहुंचाकर महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने में मदद करेगी। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य जे.के शर्मा ने बच्चों को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के उद्देश्यों से अवगत कराते कराया। कहा कि यह सर्वेक्षण सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल है, जो भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और साफ सफाई की व्यवस्था में सुधार लाने में मदद करेगी। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने स्वच्छता से जुड़े आकर्षक नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत कर दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाने का संदेश दिया। बच्चों ने इस नाटिका के माध्यम से प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करने का भी संदेश दिया। विशेष सभा के दौरान सभी ब्रच्चों और शिक्षकों को अपने आसपास और चारों तरफ साफ - सफाई रखने की शपथ दिलाई गई। वहीं डी.पी.एस के इको क्लब की अध्यक्षा सुमित्रा माइती ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 स्वच्छ, स्वस्थ ग्रामीण समुदायों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## पुण्यतिथि पर य...
## गए स्वामी विवे...

**झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग**
**कालीनगर, चायबगान, नामकोम, रॉंची-834010.**
e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com
विज्ञापन संख्या- 22 / 2023
झारखण्ड कनिष्ठ अनुवादक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 (नियमित)
आवश्यक सूचना- 01
दिनांक- 03.07.2025
झारखण्ड राजभाषा, सम्वर्ग अन्तर्गत कनिष्ठ अनुवादक के कुल-13 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती ... "झारखण्ड कनिष्ठ अनुवादक प्रतियोगिता परीक्षा-2023" विवरणिका ... समर्पित करने हेतु पूर्व में प्रकाशित तिथि ...
2. अभ्यर्थी विवरणिका में ...

# स्वच्छता सर्वेक्षण को गंभीरता से लें : डीसी

## उपायुक्त मनीष कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों संग की समीक्षा

जासं पाकुड़ : उपायुक्त मनीष कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण 2025, धरती आबा जनभागीदारी अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। इस बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को स्वच्छता सर्वेक्षण को गंभीरता से लेने और निर्धारित मानदंडों के अनुसार काम करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में कुल 1000 अंकों का मूल्यांकन होगा, जिसमें सिटीजन फीडबैक के 100 अंक, सर्विस लेवल प्रगति के 240 अंक, प्रत्यक्ष अवलोकन के 540 अंक और स्वच्छता संरचनाओं की क्रियाशीलता के 120 अंक निर्धारित किए गए हैं। नागरिक सहभागिता के लिए एसएसजी मोबाइल एप का अधिकतम प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके माध्यम से ग्रामीणजन अपनी राय एवं अनुभव साझा कर सकते हैं। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों, कर्मियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को कहा कि एसबीएमएसएसजी2025 एप इनस्टाल कराकर अपना और सभी का फीडबैक देना सुनिश्चित करायें। साथ ही फीडबैक का स्क्रीनशाट जरूर शेयर करेंगे।



बच्चें नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते • जागरण

# स्वच्छता एक दिन का त्योहार नहीं, यह दैनिक जीवन का अंग

**संस,जागरण पाकुड़** : स्थानीय दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में भारत सरकार के पेयजल और स्वच्छता विभाग जल शक्ति मंत्रालय द्वारा प्रायोजित राष्ट्रव्यापी ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस विशेष सभा में विद्यालय के निदेशक अरुणेंद्र कुमार ने अपने संदेश में कहा कि स्वच्छता कोई एक दिन मनाए जाने वाला त्योहार नहीं, बल्कि यह दैनिक जीवन का अंग है। उन्होंने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल के वक्तव्य को दोहराते हुए कहा कि स्वच्छता एक बार का लक्ष्य नहीं बल्कि एक सतत यात्रा है। इस कार्यक्रम में बच्चों की भागीदारी इसे घर-घर में पहुंचाकर महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने में मदद करेगी। वही विद्यालय के प्रधानाचार्य जे.के शर्मा ने बच्चों को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के उद्देश्यों से अवगत कराते कराया। कहा कि यह सर्वेक्षण सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल है, जो भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और साफ सफाई की व्यवस्था में सुधार लाने में मदद करेगी। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने स्वच्छता से जुड़े आकर्षक नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत कर दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाने का संदेश दिया। बच्चों ने इस नाटिका के माध्यम से प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करने का भी संदेश दिया। विशेष सभा के दौरान सभी बच्चों और शिक्षकों को अपने आसपास और चारों तरफ साफ - सफाई रखने की शपथ दिलाई गई। वही डी.पी.एस के इको क्लब की अध्यक्षा सुमित्रा माइती ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 स्वच्छ, स्वस्थ ग्रामीण समुदायों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मोह...
कल...



हाटपाड़...
सजाते...

संस, ज... मुख्याल... को मन... लेकर... तैयारी... लेकर... निर्माण... गया। इ... किनारे... पर खि... दिखाने... हुए है। हाटपाड़ा... बागानपा... हाटपाड़ा... की तैयारि... सभी म... निकाली... विभिन्न... रेलवे फ... ताजिया... वही हा... अध्यक्ष च... ने बताया... देरशाम हा... एवं फातिय...

# पुण्यतिथि पर याद...

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग
...नामकोम, राँची-834010.